संख्या-21/2016/1518/62-1-2016-25जीडब्लू/2016

प्रेषक,

डा0 अनिता भटनागर जैन,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0,
लखनऊ ।

लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल अनुभाग-1 लखनऊ दिनांक- 14 दिसम्बर, 2016

विषय-भूगर्भ जल विभाग में विशेष कार्याधिकारी का 01 नि:संवर्गीय अस्थायी पद का सृजन किये जाने के सम्बन्ध में ।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-120जी/भू0ज0वि0/ई-1/जी (सेवाविस्तार), दिनांक 03 मई,2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भूगर्भ जल संसाधनों के निरन्तर बढते महत्व एवं इसके प्रभावी प्रबन्धन के दृष्टिगत विशेष कार्याधिकारी का 01 नि:संवर्गीय अस्थायी पद वेतन बैण्ड-3, रू0 15600-39100, ग्रेड वेतन रू0 6600/- में आदेश निर्गत होने की तिथि से 06 माह की अवधि हेतु सृजित किये जाने की राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं ।

2- उक्त के सम्बन्ध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अनुदान संख्या-13 के अन्तर्गत "लेखाशीर्षक-2702-लघु सिंचाई-आयोजेत्तर-02-भूजल-005-अन्वेषण-03-भूगर्भ जल सर्वेक्षण का विकास, आंकलन एवं सुदृढीकरण योजना" के अधीन सुसंगत इकाईयों के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-2 के अशासकीय पत्र संख्या-यू0ओ0-ई-2-1065/दस-16, दिनांक 24-11-2016 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(डा0 अनिता भटनागर जैन)
प्रमुख सचिव।

संख्या-21/2016/1518(1)/62-1-2016, तद्दिनांक ।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

(1) महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद ।

(2) वित्त (व्यय-नियन्त्रण) अनुभाग-2/वित्त (सामान्य) अनुभाग-3,उत्तर प्रदेश शासन ।

(3) कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ ।

(4) गार्ड फाइल ।

आज्ञा से,

(ओम नारायण अहिरवार)

अनु सचिव ।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in